# स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, उत्तराखण्ड

डाण्डा लखोण्ड, पो0ऑ0 गुजराड़ा, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून।
ई– मेल: dghealth.uttarakhand@gmail.com and admcuk@gmail.com दूरभाष: 0135–2608763, फैक्स: 0135–2608746

पत्रांकः– 19प / 05 / 266 / 2022 / 5524 दिनांकः 08/2 ~~जनवरी~~, 2024

सेवा में,

मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
देहरादून, हरिद्वार एवं टिहरी गढ़वाल।

विषयः "भारत एनवायर्नमेंटल सोलूशन्स" द्वारा गढ़वाल मंडल में स्थापित किये गए " संयुक्त जैव चिकित्सा अपशिष्ट निस्तारण संयंत्र" के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक भारत एनवायर्नमेंटल सोलूशन, सी–92, नेहरू कॉलोनी, देहरादून के पत्र संख्याः BES/BMW-2023/07 दिनांकः 01.01.2024**(छायाप्रति संलग्न)** का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करे, जो शासन को सम्बोधित है एवं शासन ने अपने पत्र संख्याः 43 स0चि0स्वा0एवं चिकि0शि0 / 24 दिनांकः 04.01.2024 के द्वारा इस महानिदेशालय को पृष्ठांकित किया गया है के द्वारा अवगत कराया गया है, कि "भारत एनवायर्नमेंटल सोलूशन्स" द्वारा ग्राम कोडाराना, तहसील नरेंन्द्रनगर, जिला टिहरी गढ़वाल, उत्तराखण्ड में 200 किग्रा प्रति घंटा कि क्षमता वाले एक "संयुक्त जैव चिकित्सा अपशिष्ट निस्तारण संयंत्र (CBWTF) की स्थापना की गयी है। इस सम्बन्ध मे "वन एवं पर्यावरण मंत्रालय" भारत सरकार द्वारा भी पूर्व में ही संस्तुति दे दी गयी है एवं उत्तराखण्ड सरकार के "प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड" द्वारा भी इस संयंत्र को नियमपूर्वक चलाने की संस्तुति प्रदान की गयी है। प्रदेश में बढ़ते जैव चिकित्सा अपशिष्ट के पूर्ण रूप से निस्तारण हेतु भारत एनवायर्नमेंटल सोलूशन्स द्वारा संयंत्र की स्थापना की गयी है जिसको उत्तराखण्ड प्रदूषण बोर्ड द्वारा 4000 किग्रा जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रतिदिन निस्तारण करने कि अनुमति प्रदान की गयी है।

उक्त के अतिरिक्त भारत एनवयर्नमेंटल सोलूशन्स द्वारा यह भी अवगत कराया गया है, कि गढ़वाल मण्डल में केवल "मेडिकल पॉलुशन कण्ट्रोल कमेटी"(MPCC) नामक कंपनी द्वारा एक ही "संयुक्त जैव चिकित्सा अपशिष्ट निस्तारण संयंत्र" कार्यरत था। जिसकी निस्तारण क्षमता मात्र 100 किग्रा प्रति घंटा थी एवं उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा इस संयंत्र को अधिकतम 2000 किग्रा जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रति दिन निस्तारण करने कि अनुमति प्रदान की गयी थी। जबकि उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कि वार्षिक प्रतिवेदन(Annual report) 2021 के अनुसार गढ़वाल मण्डल में कुल 5315 किग्रा जैव चिकित्सा अपशिष्ट का प्रतिदिन उत्सर्जन होता है जिसमे से मात्र 2000 किग्रा अपशिष्ट का ही निस्तारण हो रहा था बाकि 3315 किग्रा अपशिष्ट का निस्तारण नहीं हो रहा था। इस सम्बन्ध मे भारत एनवायर्नमेंटल सोलूशन द्वारा गढ़वान मण्डल में बढ़ते जैव चिकित्सा अपशिष्ट के पूर्ण रूप से निस्तारण हेतु मात्र तीन जनपद देहरादून, हरिद्वार एवं टिहरी गढ़वाल में सेवा करने का अवसर प्रदान करने का अनुरोध किया गया है।

अतः भारत एनवायर्नमेंटल सोलूशन, सी–92, नेहरू कॉलोनी, देहरादून के पत्र संख्याः BES/BMW-2023/07 दिनांकः 01.01.2024 की छायाप्रति मय संलग्न कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने हेतु प्रेषित की जा रही है।

**संलग्नकः यथोपरि।**

भवदीया,

(विनीता शाह)
महानिदेशक

**पत्रांकः– 19प / 05 / 266 / 2022 / 5525 तद्दिनांकित्।**

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।

01. वरिष्ठ निजी सचिव, सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड शासन।
02. श्री अभिषेक शर्मा, भारत एनवायर्नमेंटल सोलूशन्स, सी–92, नेहरू कॉलोनी, देहरादून।

7.2.24

(विनीता शाह)
महानिदेशक

NGT

# स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, उत्तराखण्ड

डाण्डा लखोण्ड, पो0ऑ0 गुजराड़ा, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून।

ई– मेल: dghealth.uttarakhand@gmail.com and admcuk@gmail.com दूरभाष: 0135–2608763, फैक्स: 0135–2608746

पत्रांकः– 19प / 05 / 266 / 2022 / 7166 दिनांकः ~~फरवरी~~ 01/3/, 2024

सेवा में,

मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
उत्तरकाशी, रूद्रप्रयाग, पौड़ी एवं चमोली।

**विषयः** **''भारत एनवायर्नमेंटल सोलूशन्स'' द्वारा गढ़वाल मंडल में स्थापित किये गए '' संयुक्त जैव चिकित्सा अपशिष्ट निस्तारण संयंत्र'' के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है, कि भारत एनवायर्नमेंटल सोलूशन, सी–92, नेहरू कॉलोनी, देहरादून ने अपने पत्र संख्याः BES/BMW-2024/01 दिनांकः 12.02.2024 के द्वारा जैव चिकित्सा अपशिष्ट के पूर्ण रूप से निस्तारण हेतु गढ़वाल मण्डल के जनपद उत्तरकाशी, रूद्रप्रयाग, पौड़ी एवं चमोली में सेवा करने का अनुरोध किया गया है।

अतः भारत एनवायर्नमेंटल सोलूशन, सी–92, नेहरू कॉलोनी, देहरादून के पत्र संख्याः BES/BMW-2024/01 दिनांकः 12.02.2024 की छायाप्रति मय संलग्न कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने हेतु प्रेषित की जा रही है।

**संलग्नकः यथोपरि।**

भवदीया,
Bah
1.3.24
(विनीता शाह)
महानिदेशक

**पत्रांकः– 19प / 05 / 266 / 2022 / तद्दिनांकित्।**

प्रतिलिपिः श्री अभिषेक शर्मा, भारत एनवायर्नमेंटल सोलूशन्स, सी–92, नेहरू कॉलोनी, देहरादून।

**(विनीता शाह)**
महानिदेशक

NGT